दिनांक 15.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

एकीकृत आजीविका मिशन के अंतर्गत शिविर का आयोजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा एकीकृत आजीविका मिशन के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं से शिक्षित युवा बेरोजगारों को लाभाविन्त करने के उद्देश्य से हितग्राहियों का जोन कार्यालयों में शिविर लगाकर चिन्हाकंन किया जाएगा। शिविर में दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक एवं सामुदायिक संगठिका तथा स्थानीय स्त्रोत व्यक्ति (सीआरपी), आरसेटी देना अग्रणी बैंक के प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षण संस्थाए उपस्थित रहकर इच्छुक हितग्राहियों का पंजीयन करेगें, ताकि हितग्राही के रूचि के अनुसार उन्हे प्रशिक्षण दिया जा सके। बैंक के प्रतिनिधि, भी उक्त शिविर में उपस्थित रहेगें ताकि हितग्राहियों को स्वरोजगार हेतु ऋण संबंधी शासकीय योजना की जानकारी दे सके एवं आधार कार्ड लिकिंग का कार्य भी शिविर में किया जायेगा।

शिविर स्थल पर उपस्थित हितग्राहियों को दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की विस्तृत जानकारी साथ ही विभिन्न कौशल प्रशिक्षण के विषयों की जानकारी दी जायेगी। इस संबंध में निगम के सभी 06 जोनों में शिविर का आयोजन किया जावेगा।

जोन 01 शिविर स्थल जोन कार्यालय नेहरु नगर पानी टंकी में वार्ड 1 से 9, 67, 69, एवं 70 तक 19 फरवरी को प्रातः 10 बजे से, जोन 02 शिविर स्थल जोन कार्यालय वैशाली नगर पानी टंकी में वार्ड 10,11 एवं 13 से 19 तक एवं 26, 27 तक 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे से, जोन 03 शिविर स्थल जोन कार्यालय मदर टेरेसा नगर पानी टंकी में वार्ड 20 से 25 एवं 46 से 50 तक 26 फरवरी को प्रातः 10 बजे से, जोन 04 शिविर स्थल जोन कार्यालय शिवाजी नगर पानी टंकी में वार्ड 28 से 39 तक 01 मार्च को प्रातः 10 बजे से, जोन 05 शिविर स्थल जोन 05 जोन कार्यालय सेक्टर 06 पानी टंकी में वार्ड 51 से 57 एवं 64 से 68 तक 06 मार्च को प्रातः 10 बजे से, जोन 06 शिविर स्थल जोन कार्यालय रिसाली पानी टंकी में वार्ड 40 से 45 एवं 58 से 63 तक 09 मार्च को प्रातः 10 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा।

उक्त संबंध में मिशन प्रबंधक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा जानकारी दी गई।

जनसम्पर्क अधिकारी